न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :– श्री अनिल कुमार आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या – 83/2025

उनवान

1.श्रीमती समजू देवी पत्नी तगाराम जाति मेधवाल निवासी तामलियार तहसील रामसर।	बनाम	1. तहसीलदार रामसर।

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 131, 136 राज0मू0राज0 अधिनियम

आदेश दिनांक 09.04.2025

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार हैं कि प्राथीर्नी श्रीमती समजू देवी पत्नी तगाराम जाति मेधवाल निवासी तामलियार तहसील रामसर का स्वंय के नाम से खातेदारी खेत खसरा नंबर 113 रकबा 44.06 बीघा मौजा सियाणी पटवार मण्डल सियाणी में आया हुआ है। जिसमें सयुंक्त खातेदारी में प्राथीर्नी श्रीमती समजू देवी पत्नी तगाराम जाति मेधवाल निवासी तामलियार तहसील रामसर ने कुल रकबा 44.06 बीघा में से हिस्सा 1/2 यानी रकबा 22.03 बीघा भूमि विक्रेतागण छुंगा,टीकमा,पि.चौथा,माया बैवा चौथा,तारा पुत्र उतमा ,नखता, किशनाएंव अंतरी पत्नी डुंगराराम जाति मेघवाल निवासी सियाणी तहसील रामसर से जरिये बैचान पंजीयन दस्तावेज संख्या 2007000099 दिनांक 10.04.2007 को पंजीयन करवाया। जिसमें उक्त मूल खसरे की ओनलाईन सेग्रीग्रेशन एंव तरमीम करते समय क्रेता श्रीमती समजू देवी पत्नी तगाराम जाति मेधवाल निवासी तामलियार तहसील रामसर का **खसरा 536/113 के बजाय 537/113** भूलवंश संवहन से दर्ज हो गया। प्रार्थी का नाम राजस्व रेकर्ड यथा जमाबंदी ओनलाईन करते समय खसरा 536/113 के बजाय 537/113 दर्ज हो गया । अतः राजस्व रेकर्ड में खसरा नंबर **537/113** की जगह पुनः सही इद्राजं क्रेता श्रीमती समजू देवी का **536/113** करवानें का प्राथीर्नी द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक **19.02.2025** को प्रस्तुत किया गया। पत्रावली को अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन एवं समस्त दस्तावेजों के अध्ययन के आधार पर प्रार्थी के नाम से खातेदारी खेत खसरा नंबर 113 रकबा 44.06 बीघा मौजा सियाणी पटवार मण्डल सियाणी के आधार पर राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीनी क्रेता श्रीमती समजू देवी का सही **इद्राजं 536/113 तरमीम** दुरस्त करनें के आदेश पारित किये जाते हैं। तहसीलदार रामसर को तदनुसार तरमीम दुरुस्ती सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया जाता है।

यह आदेश आज दिनांक **09.04.2025** को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

उपखण्ड अधिकारी रामसर जिला-बाड़मेर

(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, रामसर

उपखण्ड अधिकारी रामसर

क्रमांक : रीडर/2025/ 492-93

प्रतिलिपि :–

1.तहसीलदार रामसर।
2. श्रीमती समजू देवी पत्नी तगाराम ।

दिनांक 09.04.2025

उपखण्ड अधिकारी रामसर

उपखण्ड अधिकारी रामसर